राज एक्सप्रेस
भोपाल, गुरुवार, 19 मई 2011

चित्रकला, प्रश्नोत्तरी और रैली से होगा जनजागरण

छतरपुर। 22 मई को अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर जिले में प्रात:कालीन रैली, प्रश्नोत्तरी एवं चित्रकला प्रतियोगिता के माध्यम से जैव विविधता के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जनजागरण किया जाएगा। जिला पंचायत सीईओ भावना वालिम्बे ने बताया कि 22 मई को सुबह 7 बजे छतरपुर में बाबूराम चतुर्वेदी स्टेडियम से जैवविविधता के प्रति जागरूकता रैली निकाली जाएगी। जो छत्रसाल चौराहा से होकर गांधी स्मारक भवन पहुंचेगी। यहां वन जैवविविधता विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजन किया जाएगा। इसके बाद इसी विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता होगी। जो दो श्रेणियों में रखी गई है। कक्षा 4 से 8 वीं तक जूनियर और कक्षा 9वीं से कक्षा 12 वीं तक सीनियर श्रेणी के बच्चे प्रतियोगिता में भाग लेंगे। सवा 9 बजे सास्कृतिक कार्यक्रम के तहत वाराणसी की आकांक्षा तिवारी का गायन, गाजियाबाद की शालिनी सिंह का कथक नृत्य और शिवपूजन अवस्थी का तबला वादन होगा। 10 बजे पुरस्कार वितरण किया जाएगा।

छतरपुर (आरएनएन)। जनपद पंचायत राजनगर के अध्यक्ष सिद्धार्थ शंकर बुंदेला पिछले दिनों युवक कांग्रेस के खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के अध्यक्ष चुने गए हैं। चुनाव जीतने के बाद वे 19 मई को राजनगर आएंगे। सिद्धार्थ के स्वागत के लिए जनपद पंचायत राजनगर के प्रवेश द्वार बमीठा में कार्यकर्ता खास इंतजाम करने में जुटे हैं। जानकारी के अनुसार वे 19 मई को तीन बजे बमीठा पहुंचकर हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे। उसके बाद एक विशाल जुलूस में कार्यकर्ताओं के साथ वे जनपद पंचायत राजनगर पहुंचेंगे। जहां आमसभा रखी गई है। गौरतलब है कि सिद्धार्थ शंकर युवा कांग्रेसी होने के साथ-साथ जिले की राजनीति में अहम स्थान रखने वाले पूर्व विधायक शंकर प्रताप सिंह बुंदेला के बेटे हैं। सिद्धार्थ की इस सफलता को उनके पिता शंकर प्रताप की सियासी बिसात से जोड़कर देखा जा रहा है। इसलिए सिद्धार्थ के स्वागत की तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही हैं।

दैनिक जागरण भोपाल, 15 जून 2011

समापन अवसर पर बच्चों ने दिखाएं हुनर

पं.उपेन्द्र नाथ ऋषिकुल बहुउद्देशीय कला महाविद्यालय में एक संगीत सभा का आयोजन किया गया। जिसमें नगर के लगभग एक सैकड़ा बच्चों ने भाग लिया। एक माह तक चले ग्रीष्म कालीन संगीत शिविर में बच्चों ने जो हुनर सीखा था इस संगीत सभा के माध्यम से प्रदर्शित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर परिषद के उपाध्यक्ष दीपक खरे उपस्थित हुए जबकि अध्यक्षता भारती किसान संघ के प्रांत मंत्री वीरेन्द्र सराफ ने की।

अंत्योदय समिति अध्यक्ष एवं जन अभियान परिषद के जिला सदस्य वेद प्रकाश चतुर्वेदी, मंडल उपाध्यक्ष गजेन्द्र जड़िया विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। रजनीश दीक्षित के अलावा पत्रकारगण,समाजसेवी एवं शैक्षिक स्टाफ उपस्थित रहा। मंच का संचालन एवं आभार शिवपूजन अवस्थी द्वारा जताया गया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

श्रमदान होगा आज

पं.उपेन्द्र नाथ ऋषिकुल बहुउद्देशीय कला महाविद्यालय के बच्चे एवं स्टॉफ सराफ सागर तालाब में बुधवार को श्रमदान करेगा। सुबह छह बजे स्टॉफ एवं बच्चे तालाब पहुंचेंगे।

दर्शक दीर्घा में बैठे अतिथि गण -

राज एक्सप्रेस
भोपाल, मंगलवार, 17 मई 2011

विशेष शिविर में पेंटिंग करते बच्चे।

शिविर में सीखी रचनात्मकता

■ राज न्यूज़ नेटवर्क

छतरपुर। गर्मियों की छुट्टियों में पढ़ाई का टेंशन दूर होते ही बच्चे इन दिनों रचनात्मक कार्यों में भाग ले रहे हैं। गांधी स्मारक भवन में चल रहे विशेष शिविर में मासूम बच्चे चित्रकला, मूर्तिकला का प्रशिक्षण लेकर कलाकार बन रहे हैं।

ऋषिकुल आश्रम के तत्वावधान में इस शिविर में बच्चों को कला संगीत और योग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। संगीत की धुन और नृत्य की थिरकन में अनूठा तालमेल बनाकर बच्चे नृत्य और गायन की बारीकियां सीख रहे हैं। इसी तरह कागज पर पेंसिल और रंगों से मनमोहन आकृतियां उकेरते बच्चों को देखकर किसी सिद्धहस्त कलाकार का भ्रम हो जाता है।

नन्हे हाथों से आकर्षक तस्वीरें और मिट्टी की अनूठी मूर्तियां गढ़ी जा रही हैं। प्रशिक्षण के लिए बनारस और गाजियाबाद से विशेषज्ञ बुलाए गए हैं। इस शिविर में बच्चों का उत्साह और कुछ सीखने की जिज्ञासा का नजारा बेहद अनूठा है।

सनातन धर्म सेवा समिति ने कराया बच्चों को स्वल्पाहार

छतरपुर। कहा जाता है कि बच्चे कच्ची मिट्टी के समान होते हैं उन्हें जिस रूप में ढाला जाये उसी आकृति में ढल जाते हैं। ठीक इसी प्रकार का एक अनूठा प्रयास स्थानीय गांधी आश्रम में प्रत्येक वर्ष किया जाता है। इसी तारतम्य में इस वर्ष भी ऋषिकुल आश्रम के तत्वाधान में योग, संगीत, कला शिविर में बच्चों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें बच्चों की अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर पर मिल रहा है शिविर के दौरान सनातन धर्म सेवा समिति द्वारा बच्चों को स्वल्पाहार कराया गया एवं बच्चों की कलाओं से प्रभावित हो उनका उत्साह वर्धन भी किया गया।

शिविर के मीडिया प्रभारी एवं समिति के अध्यक्ष पं. सौरभ तिवारी ने बताया कि गांधी आश्रम के प्राकृतिक वातावरण में एक ही छत के नीचे कई प्रकार की विधाओं का जिसमें गायन, वादन, नृत्य, चित्रकला, मूर्तिकला एवं नाटक कला का बच्चे प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं और उन्हें प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु बनारस, गाजियाबाद के श्रेष्ठ प्रशिक्षकों द्वारा हुनर की बारीकियां सिखाई जा रही हैं। सनातन धर्म सेवा समिति द्वारा स्वल्पाहार कार्यक्रम में रामनिवास त्रिपाठी, शिवपूजन अवस्थी, रीतेश अरजरिया, मयंक शर्मा, सानू ताम्रकार, पवन ताम्रकार, बुलट सोनी, रिंकू द्विवेदी, अंशु अग्रवाल, गोविंद विश्वकर्मा, डिनी सोनी सहित समिति के गई सदस्य मौजूद रहें।

दैनिक भास्कर छतरपुर आस-पास सागर · शनिवार · 8 मई 2010

समर कैंप की धूम

1

2

3

4


1 शहर के गांधी आश्रम में चल रहे समर कैंप के दौरान बच्चे उत्साह से तबला वादन का हुनर सीख रहे हैं।

2 स्टेडियम में चल रहे ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के दौरान बच्चे हॉकी सीखने अधिक रुचि दिखा रहे।

3 मेहंदी का कलात्मक हुनर सीखने के लिए बच्चियां गांधी आश्रम जाकर हर दिन कड़ी मेहनत कर रही हैं।

4 खेल विभाग की ओर से पं. बाबूराम चतुर्वेदी स्टेडियम में चलाए जा रहे समर कैंप में बच्चों को वालीबाल समेत सभी तरह की खेल विधाएं सिखाई जा रही हैं।

सागर · शनिवार · 22 मई 2010

बच्चे सीख रहे सृजनशीलता का गुण

भास्कर संवाददाता | छतरपुर

गांधी आश्रम में चल रहे संगीत शिविर में बच्चे सृजनशीलता का गुण सीख रहे हैं। यहां कलाकार, जनप्रतिनिधि और समाज सेवी लोग पहुंचकर बच्चों का उत्साहवर्धन कर रहे हैं।

सृजनात्मक युवा भारत के योगेश सिन्हा ने बताया कि गांधी आश्रम में चल रहे शिविर में बच्चे तल्लीनता से कलाओं का हुनर सीख रहे हैं। इस शिविर में उपभोक्ता फोरम के जज अनिल वर्मा ने पहुंचकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। वहीं उन्होंने गांधी आश्रम के ऐतिहासिक महत्व को जानते हुए कहा कि शहर के भीतर इससे अच्छी ऐतिहासिक और प्राकृतिक जगह नहीं हो सकती। उन्होंने प्रशिक्षकों का भी उत्साहवर्धन किया। नगर पालिका अध्यक्ष अर्चना सिंह भी शिविर में पहुंची। वे बच्चों के बीच काफी देर तक रहीं और उन्होंने बच्चों को सफल जीवन के लिए महत्वपूर्ण टिप्स दिए। शिक्षा, खेल, कला का जीवन में महत्व बताया।

इस शिविर में रामसनेही सक्सेना, डॉ. रामकुमार खरेन ने भी बच्चों को मार्गदर्शन दिया। शिविर के संचालन में संजय सिंह, दमयन्ती, रवि शुक्ला, संजय चौधरी,शिवपूजन अवस्थी, मनोज चौरसिया, मरगुब आलम विशेष सहयोग दे रहे हैं।

नईदुनिया बुंदेलखंड

ग्वालियर मंगलवार 4 मई 2010

कला की बारीकियां सीख रहे बच्चे

- गांधी आश्रम में चल रहा
- ग्रीष्मकालीन शिविर

छतरपुर। सृजनात्मक युवा भारत के तत्वावधान में स्थानीय गांधी आश्रम में ग्रीष्मकालीन संगीत, कला एवं योग शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर में स्कूली बच्चे बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। वह मंजे हुए कलाकारों से कला की बारीकियां सीख रहे हैं।

प्रतिदिन सुबह 6 से 10 बजे तक चलने वाले ग्रीष्मकालीन शिविर में संगीत एवं कला विश्वविद्यालय खैरागढ़ से आए कथक नृत्य के प्रशिक्षक पुष्पेंद्र जंघेल एवं रचना निशाद द्वारा बच्चों को कथक नृत्य का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। चित्रकला का प्रशिक्षण रतन सिंह और गायन का प्रशिक्षण जगदेव दे रहे हैं। तबला वादन की बारीकियां शिवपूजन अवस्थी द्वारा सिखाई जा रही हैं। इसके अलावा मासूम बच्चे अपने नन्हे-नन्हे हाथों से मूर्ति कला भी सीख रहे हैं। बच्चों को दिनेश शर्मा द्वारा मिट्टी से मूर्तियां बनाना सिखाया जा रहा है। शिविर में बच्चों को योग के लाभ बताने के लिए बालयोगी पंकज सोनी द्वारा योग का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इसके अलावा बच्चों को मेहंदी, अभिनय एवं सुगम संगीत का प्रारंभिक प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। शिविर के आयोजक योगेश सिन्हा स्वयं बच्चों को सुगम संगीत की शिक्षा दे रहे हैं। ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर 31 मई तक चलेगा। -नसंसे

तबला वादन की शिक्षा देते शिवपूजन अवस्थी।

फौलादी कलम छतरपुर, सोमवार ,03 मई,

ग्रीष्मकालीन कला शिवि में बच्चों ने लिया भाग

छतरपुर 2 मई (फौकससे)। गांधी आश्रम में सृजनात्मक युवा भा तत्वाधान में आयोजित ग्रीष्म कालीन संगीत कला एवं योग शिविर संख्या में भाग लेना प्रारंभ कर दिया है। शिविर में बच्चों को सुयोग्य द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस आयोजन में एशिया के प्रसिद्ध सं कला विश्वविद्यालय खैरागढ़ के कत्थक नृत्य के प्रशिक्षण रचना पुलेन्द्र जंघेल और चित्रकला में रतन सिंह गायन में जगदेव नेताम प्रशि रहे हैं। तबले की थाप एवं गायन के सुमधुर बोल के साथ-साथ बच्चे कलाकृति भी बनाकर अपने हुनर को निखारने में लगे है। मूर्ति विशेषज्ञ दिनेश शर्मा योग्य विद्या में निपुण बालयोगी पंकज सोनी शिवपूजन अवस्थी नाटक में विनय गुप्ता मेंहदी, रंगोली में किरण शु सुगम संगीत में योगेश सिन्हा सहित कई कलाकार बच्चों को स सांस्कृतिक गतिविधियां सिखा रहे है। एक ही छत के नीचे इतनी सारी का राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों के प्रशिक्षण से बच्चों की रचनात्मकता हो रही है। उन्होंने यह भी बताया कि शहर के बुद्ध जीव लोग शिविर एवं आयोजन गतिविधियों की तारीफ कर आयोजन समिति के उत्सा कर रहे है। यह शिविर 31 मई से सुबह 6 बजे से 10 बजे तक गांध में आयोजित किया जा रहा है। 31 मई को विशेष कार्यक्रम के आ साथ बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किये जायेगें इस अतुलनीय संजय सिंह, योगेश सिन्हा, शिवपूजन अवस्थी, प्रभात तिवारी महाराष्ट्र से भारती जी सहित कई बुद्धजीवी मार्गदर्शन कर रहे है।

शिविर समापन पर होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

भास्कर संवाददाता | छतरपुर

गांधी आश्रम में चल रहे ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन रविवार को नपा प्रांगण में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति के साथ होगा।

शिविर के मीडिया प्रभारी रामनिवास त्रिपाठी, सौरभ तिवारी ने बताया कि ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन 30 मई को नपा के प्रांगण में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समापन होगा। शिविर में बच्चों की सृजन क्षमता को निखारा गया है। बच्चों को सामाजिक सांस्कृतिक एवं मानसिक विकास के लिए प्रोत्साहित किया गया है। बालयोगी पंकज सोनी ने योग, खैरागढ़ से आए रतन सिंह ने चित्रकला, जगदेव ने गायन, पोलेंद्र वर्मा और रचना निशाद ने कथक नृत्य, विनय गुप्त ने नाटक, शिवपूजन अवस्थी ने तबला वादन, योगेश सिन्हा ने संगीत, दिनेश शर्मा ने बच्चों को मूर्ति कला और किरण शुक्ला ने मेंहदी एवं रंगोली बनाना सिखाया है।

शिविर में सृजनात्मक, युवा भारत के मनोज चौरसिया, शिवपूजन अवस्थी, मरगूब आलम एवं मप्र गांधी स्मारक निधि के संजय सिंह एवं रवि शुक्ला आदि का सहयोग मिल रहा है।

23/10/05 दै. भास्कर

तक धिना धिन...

शहर के गांधी आश्रम में चल रहे समर कैंप में बच्चे शास्त्रीय नृत्य की बारीकियां सीख रहे हैं।

छतरपुर। छोटे-छोटे बच्चे भी सीख रहे हैं चित्रकला व दूसरे चित्र में स्टेडियम में बेसबॉल का

दैनिक दि बैस्ट न्यूज   दिनाँक 03.05.10 दिन-

ग्रीष्मकालीन कला शिविर में बच्चों ने लिया भाग

छतरपुर दो मई (कार्या.)। गांधी आश्रम में सृजनात्मक युवा भारत के तत्वा...न में आयोजित ग्रीष्म कालीन संगीत कला एवं योग शिविर में भारी संख्या में भाग लेना प्रारंभ कर दिया है। शिविर में बच्चों को सुयोग्य शिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी राम निवास त्रिपाठी एवं सौरभ तिवारी ने संयुक्त रूप से बताया कि इस आयोजन में एशिया के प्रसिद्ध संगीत एवं कला विश्वविद्यालय खैरागढ़ के कत्थक नृत्य के प्रशिक्षण रचना निशाद पुलेन्द्र जंघेल और चित्रकला में रतन सिंह गायन में जगदेव नेताम प्रशिक्षण दे रहे हैं। तबले की थाप एवं गायन के सुमधुर बोल के साथ-साथ बच्चे सुन्दर कलाकृति भी बनाकर अपने हुनर को निखारने में लगे है। मूर्तिकला के विशेषज्ञ दिनेश शर्मा योग्य विद्या में निपुण बालयोगी पंकज सोनी तबले में शिवपूजन अवस्थी नाटक में विनय गुप्ता मेंहदी, रंगोली में किरण शुक्ला एवं सुगम संगीत में या...सिन्हा सहित कई कलाकार बच्चों को सामाजिक सांस्कृतिक गतिविधियां सिखा रहे है। एक ही छत के नीचे इतनी सारी विद्याओं का राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों के प्रशिक्षण से बच्चों की रचनात्मकता में वृद्धि हो रही है। उन्होंने यह भी बताया कि शहर के बुद्ध जीव लोग शिविर संचालन एवं आयोजन गतिविधियों की तारीफ कर आयोजन समिति के उत्साह में वृद्धि कर रहे है। यह शिविर 31 मई से सुबह 6 बजे से 10 बजे तक गांधी आश्रम में आयोजित किया जा रहा है। 31 मई को विशेष कार्यक्रम के आयोजन के साथ बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किये जायेगें इस अतुलनीय शिविर में संजय सिंह, योगेश सिन्हा, शिवपूजन अवस्थी, प्रभात तिवारी एवं वरधा, महाराष्ट्र से भारती जी सहित कई बुद्धजीवी मार्गदर्शन कर रहे है।

मधुवन में राधिका...

गर्मी की छुटियों को छात्र-छात्राएं विभिन्न विधाएं सीखने में बिता रही है। शहर में कई स्थानों पर चल रहे शिविरों में छात्राएं शास्त्रीय नृत्य एवं गायन में भी पारंगत हो रही हैं।

छतरपुर, रविवार 09 मई 2010

नई दिशा देगा यह प्रयास-देवध...

छतरपुर। गांधी आश्रम ... चल रहे सृजनात्मक युवा भा... ग्रीष्मकालीन शिविर का अवलो... आकाशवाणी केन्द्र पूना के कार्य... अधिकारी सुनील केशव देवधर ... किया। इस मौके पर उन्होंने कहा ... आयोजन से जुड़े लोगों का यह प्रया... एक नई दिशा और आशा के प्र... आश्वस्त करता है।

शिविर के मीडिया प्रभा... रामनिवास त्रिपाठी एवं सौरभ तिवा... ने बताया कि पूर्व में आकाशवाणी के... छतरपुर में कार्यक्रम अधिकारी ... सुनील देवधर शनिवार की सुबह ... बजे गांधी आश्रम पहुंचे अ... ग्रीष्मकालीन शिविर का अवलो... किया। श्री देवधर ने शिविर में संग... चित्रकला, नाटक कत्थक, नृत्य मेंह... रंगोली, मूर्तिकला एवं खेल आदि सी... रहे बच्चों से चर्चा की। उन्होंने ब... को प्रशिक्षित कर रहे कलाकारों ... साधुवाद दिया। (...शेष पृष्ठ 4 पर

...राज की दुनिया

...लगा ...शिविर

...प्रशिक्षण बालयोगी ...तबला शिवपूजन ...विनय गुप्ता, मेंहदी ...शुक्ला एवं सुगम ...क्षण योगेश सिन्हा ...रहा है। शिविर में ...ले सभी बच्चों ... ...पन अवसर पर प्रमाण ...कए ... शिविर ... ...गेश सिंहा, शिवपूजन ...त तिवारी एवं वर्षा ...भारती सहित अनेक ...र्गदर्शन दे रहे हैं।

ग्वालियर मंगलवार 4 मई 2010

नईदुनिया बुंदेलखंड

कला की बारीकियां सीख रहे बच्चे

- गांधी आश्रम में चल रहा
- ग्रीष्मकालीन शिविर

छतरपुर। सृजनात्मक युवा भारत के तत्वावधान में स्थानीय गांधी आश्रम में ग्रीष्मकालीन संगीत, कला एवं योग शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर में स्कूली बच्चे बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। वह मंजे हुए कलाकारों से कला की बारीकियां सीख रहे हैं।

प्रतिदिन सुबह 6 से 10 बजे तक चलने वाले ग्रीष्मकालीन शिविर में संगीत एवं कला विश्वविद्यालय खैरागढ़ से आए कथक नृत्य के प्रशिक्षक पुष्पेंद्र जंघेल एवं रचना निशाद द्वारा बच्चों को कथक नृत्य का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। चित्रकला का प्रशिक्षण रतन सिंह और गायन का प्रशिक्षण जगदेव दे रहे हैं। तबला वादन की बारीकियां शिवपूजन अवस्थी द्वारा सिखाई जा रही हैं। इसके अलावा मासूम बच्चे अपने नन्हे-नन्हे हाथों से मूर्ति कला भी सीख रहे हैं। बच्चों को दिनेश शर्मा द्वारा मिट्टी से मूर्तियां बनाना सिखाया जा रहा है। शिविर में बच्चों को योग के लाभ बताने के लिए बालयोगी

तबला वादन की शिक्षा देते शिवपूजन अवस्थी।

पंकज सोनी द्वारा योग का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इसके अलावा बच्चों को मेहंदी, अभिनय एवं सुगम संगीत का प्रारंभिक प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। शिविर के आयोजक योगेश सिन्हा स्वयं बच्चों को सुगम संगीत की शिक्षा दे रहे हैं। ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर 31 मई तक चलेगा। -नप्रसे

नईदुनिया बुंदेलखंड

विभिन्न विधाएं सीख रहे बच्चे

• गांधी आश्रम में कला-संगीत शिविर का आयोजन

नृत्य का अभ्यास करतीं बालिकाएं।

छतरपुर। सृजनात्मक अभिव्यक्ति के लिए वर्तमान समय की जटिल परिस्थितियों में पर्याप्त मौका नहीं मिलता। बच्चे अपनी उम्र में अभिव्यक्ति के लिए अलग-अलग आयाम ग्रीष्मकालीन कला शिविर में तय कर रहे हैं। एक ही छत के नीचे गांधी आश्रम के प्राकृतिक वातावरण में बच्चे अपने हुनर तथा विविधता से शिविर को नई दिशा प्रदान कर रहे हैं।

शिविर के मीडिया प्रभारी रामनिवास त्रिपाठी एवं सौरभ तिवारी ने संयुक्त रूप से बताया कि शाश्वत विकास समिति एवं ऋषिकुल आश्रम के तत्वावधान में आयोजित सृजनात्मक युवा भारत ग्रीष्मकालीन शिविर में लगभग दो सौ बच्चे योग, संगीत, कला एवं नाट्य की कई विधाओं में पारंगत हो रहे हैं। गांधी स्मारक निधि के संजय सिंह ने कहा कि सृजनात्मकता एक गुण तथा कला है। इसके लिए बेहतर रचनात्मक माहौल देने की जिम्मेदारी हम सबकी है। बच्चे स्पर्धा की जगह सहयोग की भावना विकसित करते हैं। जो समाज में शांति, सद्भावना की स्थापना करते हैं। इस दिशा में यह शिविर प्रयासरत है, जो सराहनीय है। पिछले दिनों शिविर में शहर के बुद्धिजीवी एवं समाजसेवी लोगों ने निरीक्षण किया, जिसमें डॉ. वीणा विगत, डॉ. संदीप खरे, खेल अधिकारी प्रदीप अविद्रा, शंकर रैकवार, बृजगोपाल तिवारी, एसडीओ एस.आर. वर्मा शामिल थे। -नसंसे

ग्वालियर शुक्रवार 14 मई 2010

भोपाल 15. मई 2010

बुंदेलखंड जागरण

छतरपुर। गांधी आश्रम में गर्मियों की छुट्टी का उपयोग कर बच्चे सीख रहे नृत्य।

कथक की मुरीद हुई विदेशी बाला

फ्रांस से भारत जैविक खेती को जानने आई विदेशी युवती को कथक नृत्य भाया

नीरज सोनी | छतरपुर

एक सप्ताह पहले फ्रांस से भारत में जैविक खेती के गुर सीखने आई एक विदेशी बाला कथक नृत्य से इस कदर प्रभावित हुई कि वे अपने फ्यूचर प्लान छोड़कर कथक सीखने में जुट गई हैं। इन दिनों गांधी आश्रम में वे पूरी तन्मयता से कथक का रियाज करने में लगी हैं।

फ्रांस के टियूणो शहर के एक अस्पताल में पेशे से नर्स मैरिएंस एक सप्ताह पहले ही भारत में जैविक खेती का तरीका सीखने के लिए आई थीं। उन्होंने एक वेबसाइट पर छतरपुर के गांधी आश्रम में चलने वाले जैविक खेती प्रकल्प की जानकारी ली और मंगलवार को वे यहां आ गईं। गांधी आश्रम में चल रहे समर कैंप के प्रतिभागी बच्चों को कथक सीखते देख मैरिएंस की इच्छा भी कथक सीखने की हुई। उन्होंने जैविक खेती का काम बीच में ही छोड़कर कथक का हुनर सीखने की ठान ली। हालांकि कथक के रियाज के बाद शेष बचने वाले समय में वे गांधी आश्रम परिसर में जैविक खाद बनाने और खेतों को तैयार करने में पसीना बहाती हैं।

सीखने की ललक बेमिसाल

वे अपनी कथक गुरू खैरागढ से आई रचना निशाद से कथक के स्टेप सीख रही हैं। रचना बताती हैं कि हर सुबह और शाम के समय मैरिएंस अपने पैर में घुंघरू बांधकर उनके पास आ जाती है और तब तक रियाज करती है, जब तक कि वह थककर चूर नहीं हो जाती है। रचना के अनुसार मैरिएंस की तरह शिद्दत किसी और प्रशिक्षार्थी में उन्हें देखने नहीं मिली। मैरिएंस ने बताया कि वह भारत में जैविक खेती की हुनर इसलिए सीखने आईं थी, ताकि अपने घर के गार्डन में जैविक तरीके के फार्मिंग कर सके, लेकिन यहां आकर उसे एक जिंदादिल कला का हुनर सीखने मिल रहा है। इसलिए वे ऐसे मौके को गवाना नहीं चाहती है। मैरिएंस ने बताया कि वे अपने वीजा की डेट बढ़वाने का प्रयास कर रही हैं।

दैनिक भास्कर - 7/6/2010

छोटे बच्चे सीख रहे बड़ा हुनर

ग्वालियर रविवार 9 मई 2010

■ गांधी आश्रम में चल रहे ग्रीष्मकालीन शिविर में सिखाई जा रही हैं कई विधाएं

छतरपुर। ग्रीष्म अवकाश की अवधि में बच्चों के अंदर सृजन प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से गांधी आश्रम में सृजनात्मक युवा भारत शिविर का आयोजन किया जा रहा है। गत वर्ष के भांति इस बार भी यह शिविर एक माह तक चलेगा। शिविर में स्कूली बच्चों को विशेषज्ञों द्वारा चित्रकला, मूर्तिकला, गायन, वादन, नृत्य एवं अभिनय की शिक्षा दी जा रही है।

बीती 1 मई से शुरू हुए सृजनात्मक युवा भारत शिविर में प्रतिदिन सुबह छ: से दस बजे तक दो सौ से अधिक बच्चे कला की बारीकियां सीख रहे हैं। आयोजन समिति के मनोज चौरसिया एवं योगेश सिन्हा ने बताया कि शिविर में बच्चों को विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण देने के लिए दक्ष कलाकारों को बुलाया गया है। बच्चों को कथक नृत्य का प्रशिक्षण खैरागढ़ के कलाकार पोलेंद्र वर्मा एवं रचना निषाद द्वारा दिया जा रहा है। सौ से अधिक बच्चे इन कलाकारों से कथक की बारीकियां सीख रहे हैं। इसके अलावा खैरागढ़ के ही शिवेंद्र कुमार गुप्ता बच्चों को चित्रकला की शिक्षा दे रहे हैं। प्रतिदिन वह चित्रकला सीखने के इच्छुक छोटे-छोटे बच्चों से घिरे रहते हैं। शिविर के आयोजक एवं गायक योगेश सिन्हा स्वयं बच्चों को गायन की शिक्षा दे रहे हैं। आयोजन समिति के शिवपूजन अवस्थी बच्चों को तबला वादन का प्रशिक्षण दे रहे हैं। इसके अलावा दिनेश शर्मा मूर्तिकला, अजमत अली अभिनय और पंकज सोनी योग का प्रशिक्षण बच्चों को प्रदान कर रहे हैं। आयोजन समिति के सदस्य मनोज चौरसिया ने बताया कि शिविर में हिस्सा लेने वाले बच्चों को समिति की ओर से प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा। 31 मई के बाद शिविर में हिस्सा लेने वाले बच्चों की मंच पर प्रस्तुतियां होंगी। -नसं

छतरपुर। गांधी आश्रम में मूर्तिकला का प्रशिक्षण लेते बच्चे।

छतरपुर। छोटे-छोटे बच्चे भी सीख रहे हैं चित्रकला व दूसरे चित्र में स्टेडियम में बेसबॉल का अभ्यास करते बच्चे।

■ छतरपुर ■ टीक

सिटी express

राज एक्सप्रेस

शनिवार,

बिजली खड़ी यह

छतरपुर। शहर के गांधी स्मारक भवन में बच्चों को चित्रकला का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें बच्चे चित्रकला की बारीकियां सीख रहे हैं।

दैनिक भास्कर टीकमगढ़ आसपास सागर · मंगलवार · 4 मई 2010

ग्रीष्म शिविर में बच्चे सीख रहे हैं खेल, कला और संस्कृति के हुनर

भास्कर संवाददाता | छतरपुर

जिले भर में बच्चों को खेल, कला और संस्कृति के हुनर सिखाए जा रहे हैं। गांधी आश्रम में कला में महारत प्राप्त शिक्षक बच्चों की प्रतिभा को निखार रहे हैं। वहीं बाबूराम चतुर्वेदी स्टेडियम सहित विभिन्न खेल मैदानों पर बच्चों को खेल सिखाए जा रहे हैं। महाराजपुर में नेहरू युवा केंद्र द्वारा ग्रामीण बच्चों को खेल तथा संस्कृति का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

खैरागढ़ के संगीतज्ञ दे रहे ट्रेनिंग

गांधी आश्रम में सृजनात्मक युवा भारत द्वारा संगीत, कला तथा योग का शिविर संचालित किया जा रहा है। इस शिविर में खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय की प्रोफेसर रचना निषाद, पुलेंद्र जंवेल,कत्थक, चित्रकला, रतन सिंह, गायन में जगदेव नेताम बच्चों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। मूर्तिकला का प्रशिक्षण दिनेश शर्मा तथा योग का प्रशिक्षण बालयोगी पंकज मोनी द्वारा दिया जा रहा है। शिवपूजन अवस्थी तबला, विनय गुप्ता नाटक, किरण शुक्ला मेंहदी तथा सुगम संगीत योगेश सिंहा द्वारा बच्चों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

नव भारत
2 भोपाल, शुक्रवार, 14 मई 20

नौनिहालों को मिल रही गांधी आश्रम में संगीत शिक्षा

छतरपुर. 13 मई. संवाददाता. पिछले दो सप्ताह से गांधी आश्रम में नौनिहालों को संगीत में शिक्षा दी जा रही है. संगीत शिविर में हर दिन बच्चों की संख्या बढ़ रही है.

शिविर के मीडिया प्रभारी रामनिवास त्रिपाठी ने बताया कि शाश्वत विकास समिति एवं ऋषिकुल आश्रम के तत्वावधान में आयोजित सृजनात्मक युवा भारत, ग्रीष्मकालीन शिविर में लगभग 200 बच्चे योग संगीत, कला एवं नाट्य की कई विधाओं पर प्रशिक्षण ले रहे हैं. गांधी स्मारक निधि के संजय सिंह ने कहा है कि सृजनात्मकता एक गुण तथा कला है जिसके लिए वे हर तरह से रचनात्मक माहौल देने के लिए जिम्मेदारी निभा रहे हैं और ऐसा करना हम सबके लिए भी जरूरी होना चाहिए. बच्चों में स्पर्धा की जगह सहयोग की भावना विकसित होती है जो समाज में शांति, सद्भावना की स्थापना करते है. इस दिशा में यह शिविर प्रयासरत है. पिछले दिनों शिविर का शहर के बुद्धिजीवी एवं समाजसेवियों ने निरीक्षण किया था. देखा गया कि गांधी स्मारक में सुबह पांच बजे से बच्चों का आना प्रारंभ हो जाता है. उछलकूद करते हुए इन बच्चों को केनवास पर चित्र उतारने का सफल प्रशिक्षण दिया जा रहा है. बच्चों ने बताया कि शिविर में उन्हें बहुत सी जानकारी मिल रही हैं.

ग्रीष्मकालीन कला शिविर का समापन 30 मई को

छतरपुर। गांधी आश्रम में चल रहे ग्रीष्मकालीन कला शिविर का समापन आगामी 30 मई को नगर पालिका प्रांगण में भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ होगा।

शिविर के मीडिया प्रभारी रामनिवास त्रिपाठी एवं सौरभ तिवारी ने बताया कि विगत 1 मई से प्रारंभ हुआ ग्रीष्मकालीन योग, संगीत, कला एवं नाट्य शिविर में बच्चों की सृजन क्षमता को निखारने के साथ-साथ उन्हें सामाजिक, सांस्कृतिक एवं मानसिक विकास हेतु प्रोत्साहित किया गया। एक माह के शिविर में बच्चों ने योग, चित्रकला, मूर्तिकला, गायन, वादन, कत्थक नृत्य, नाटक आदि विधाओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस शिविर में शहर के कई गणमान्य नागरिकों, अधिकारियों, सामाजिक एवं राजनैतिक संस्थाओं ने आकर बच्चों का हौसला बढ़ाकर उनका मार्गदर्शन किया। बालयोगी पंकज सोनी ने जहां बच्चों को योग का प्रशिक्षण दिया वहीं इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ से आए रतन सिंह ने चित्रकला, जगदेव ने गायन, पोलेंद्र वर्मा और रचना निशाद ने कत्थक नृत्य तथा स्थानीय योग्य एवं अनुभवी प्रशिक्षकों में विनय गुप्त ने नाटक का, तबले का प्रशिक्षण शिवपूजन अवस्थी ने, योगेश सिंहा ने सुगम संगीत, मूर्तिकला का प्रशिक्षण दिनेश शर्मा ने और मेंहदी एवं रंगोली का प्रशिक्षण किरण शुक्ला ने दिया। इन कलाकारों ने अपने अनुभव एवं हुनर के माध्यम से बच्चों की सृजनात्मकता को निखारने का प्रयास किया। सृजनात्मक युवा भारत के इस एक माह तक चले शिविर का समापन 30 मई को नगर पालिका प्रांगण में शाम 6 बजे से सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ होगा। जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आज एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष क्षितिज शुक्ला एवं उनके सहयोगियों द्वारा शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त कर बच्चों को फल वितरित किए गए एवं नेहरूजी के बच्चों के प्रति प्रेम पर प्रकाश डाला गया। शिविर में सृजनात्मक युवा भारत के मनोज चौरसिया, शिवपूजन अवस्थी, मरगूब आलम एवं मध्य प्रदेश गांधी स्मारक निधि के संजय सिंह एवं रवि शुक्ला एवं शहर के सभी पत्रकारों का मार्गदर्शन एवं सहयोग बच्चों को प्रतिदिन मिल रहा है।

दैनिक राज की दुनिया, छतरपुर

शुक्रवार, 28 मई 2010

स्टार समाचार 15
छतरपुर, बुधवार 25 मई 2011
दैनिक शुभ भारत

शिविर में पहुंचकर कराया स्वल्पाहार

हिंदु उत्सव समिति ने नन्हें बच्चों का किया उत्साहवर्धन

[illegible] गांधी आश्रम में गत एक मई से कला,योग संगीत शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के माध्यम से बच्चों को सांस्कृतिक गतिविधियों से जोडने का कार्य किया जा रहा है। नगर के समाजसेवी बच्चों का उत्साहवर्धन करने शिविर में पहुंच रहे हैं। हिंदु उत्सव समिति की नारीशक्ति द्वारा मंगलवार को बच्चों के बीच पहुंचकर उन्हें स्वल्पाहार कराया गया।

हिंदु उत्सव समिति के

-शेष पृष्ठ चार पर

स्टार समाचार
सतना, रविवार
15 मई 2011

प्रशिक्षण गांधी आश्रम में आयोजित ग्रीष्मकालीन शिविर में तबला वादन सीखते बच्चे।

छतरपुर, शुक्रवार 20 मई 2011

संगीत में समाहित होती है, संस्कृति

संगीत में नियमित रियाज जरूरी- आकांक्षा तिवारी

छतरपुर 19 मई। पं. उपेन्द्र नाथ ऋषिकुल बहुउद्देशीय कला महा विद्यालय लवकुशनगर लौड़ी में चलाये जा रहे निःशुल्क संगीत कला शिविर में बनारस से आई आकांक्षा तिवारी एवं शालिनी सिंह ने लवकुशनगर पहुंचकर संगीत के अनुभव बांटे।

ऋषिकुल आश्रम समिति द्वारा लवकुशनर में चलाई जा रहे संगीत कला शिविर में 80 बच्चे भाग ले रहे हैं। जिसमें शहर की प्रतिभाओं का गायन, वादन, पेंन्टिंग, मेंहदी, रंगोली को निःशुल्क शिक्षा पं. उपेन्द्रनाथ ऋषिकुल बहुउद्देशीय कला महाविद्यालय में दी जा रही है। शिविर संयोजन प्रभारी मातादीन विश्वकर्मा ने बताया कि यह शिविर पहले 15 दिवसीय रखा गया था। लेकिन शहर के बच्चों के आग्रह पर इसको 15 दिवस के लिये और बढ़ा दिया गया है श्री विश्वकर्मा ने बताया कि इस शिविर में नियमित प्रशिक्षण गायन, वादन, मेंहदी, पेंटिंग, जयप्रकाश चौबे मेंहदी रंगोली अभिलाषा बरानिया दे रही है। समय-समय पर शिवपूजन अवस्थी के सहयोग से बाहर से कलाकारों को भी बुलाया गया। जबलपुर से डॉ. प्रकाश तिवारी ग्वालियर से संतोष सुरूमकर बनारस से आकांक्षा तिवारी गाजियाबाद से शालिनी सिंह, सुन्दरम त्रिपाठी, आदर्श तिवारी ने मार्गदर्शन दिया। इस बीच लवकुशनगर के तहसीलदार श्री नेहरा ने शिविर का अवलोकन करसंगीत कला के प्रचार-प्रसार के लिये शिवपूजन अवस्थी को ऐसे आयोजन करते रहने के लिये प्रोत्साहित कर समापन समारोह पूर्वक करनेकी बात कही। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष वीरेन्द्र सर्राफ, प्रान्त मंत्री भारतीय किसान संघ, विकास गंगेले श्रीदत्त रिछारिया, सौरभ तिरी सहित शहर के अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

बेटियों के प्रति जगाए सम्मान

कलेक्टर ने यूजीसी के द्वारा आयोजित प्रतियोगिता के पुरुस्कार बांटे

छतरपुर, 23 अक्टूबर कार्या. । राज्य शासन ने महिलाओं की घटती संख्या को संतुलित रखने तथा लोगों के मन में बेटियों के प्रति सम्मान जगाने के लिए 'बेटी बचाओ अभियान' की शुरूआत की है। जिससे समाज में ऐसा वातावरण तैयार किया जाए जिससे कन्याओं की घटती संख्या के रोका जाए। उक्त उद्‌गार कलेक्टर राहुल जैन ने महाराजा कॉलेज में पुरस्कार वितरण के दौरान व्यक्त किए।

कॉलेज में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा संचालित 'समान अवसर केंद्र' द्वारा शासन की बेटी बचाओ अभियान नीति के तहत् निबंध लेखन तथा चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। जिसके पुरस्कार शुक्रवार को कॉलेज के सरस्वती सभागार में वितरित किए गए। इसी अवसर पर 'राष्ट्रीय विकास में युवाओं की भूमिका' पर चार दिवसीय प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम का समापन भी किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर राहुल जैन एवं प्राचार्य डॉ.जीपी राजौरे ने सरस्वती के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित्र किया। तदुपरान्त संगीत विभाग की छात्रा वीणा विश्वकर्मा द्वारा सरस्वती वंदना डॉ. सरोज खरे के निदशन में एवं शिवपूजन अवस्थ की संगत में प्रस्तुत की। इसी समय एक गीत 'दो कुल की शान बेटियां होती हैं, हर माता-पिता की जान बेटियां होती हैं' प्रस्तुत किया गया। निबंध लेखन प्रतियोगिता की प्रभारी डॉ. गायत्री बाजपेई ने बेटियों के महत्व को रेखांकित करते हुए उनके सांस्कृतिक इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रदेश शासन की उन योजनाओं का भी वर्णन किया जो बेटियों द्वारा संचालित की जा रही हैं। इस अवसर पर छात्रों व प्राध्यापकों को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री जैन ने महाविद्यालय द्वारा किए गए प्रयास की मुक्तकंठ से सराहना की। तत्पश्चात् निबंध प्रतियोगिता के विजेता क्रमशः सुरेश कुमार नामदेव, दिव्या गुप्ता तथा दीपिका अरजरिया को प्रमाण-पत्र तथा प्रतीक चिंह भेंट किया। चित्रकला प्रतियोगिता की विजेता हर्षिता अग्रवाल, कल्याण सिंह तथा अनिल रैकवार को प्रतीक चिन्ह दिए। छह अन्य प्रतिभागियों को भी सांत्वना पुरस्कार वितरित किए गए। प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम के 10 प्रतिभागियों को कलेक्टर ने प्रमाण पत्र व पुस्तकें भेंट कीं। प्राचार्य डॉ. राजौरे ने आभार व्यक्त किया तथा कार्यक्रम का संचालन डॉ. बहादुर सिंह परमार ने किया।

सतना, मंगलवार, 31 मई 2011

बच्चों के नृत्य ने मोह लिया बड़ों का मन

स्टार समाचार » छतरपुर

■ रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ संगीत कला शिविर का हुआ समापन

स्थानीय गांधी आश्रम में विगत एक माह से चल रहे सृजनात्मक युवा भारत योग संगीत कला शिविर का समापन रविवार शाम नगरपालिका प्रांगण में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ सम्पन्न हुआ। ऋषिकुल आश्रम समिति के तत्वावधान में चल रहे सृजनात्मक युवा भारत शिविर में शहर के बच्चों ने योग गायन, वादन, नृत्यकला, चित्रकला, मेंहदी, रंगोली, नाटक आदि विधाओं का प्रशिक्षण बाहर से आए श्रेष्ठ कलाकारों ने एक मई से 30 मई तक गांधी आश्रम के प्राकृतिक वातावरण में दिया जिसमें समय समय पर शहर के अनेकों अधिकारियों समाजसेवी संस्थाओं गणमान्य नागरिकों ने पहुंचकर आवश्यक सुझाव भी दिए। उक्त कार्यक्रम का समापन समारोह रविवार शाम 7 बजे से नगरपालिका प्रांगण में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ सम्पन्न हुआ जिसमें प्रमुख रूप से डॉ. कृष्ण गांधी कानपुर, डॉ. सुनंदा कीर्तन कानपुर, आरएसएस विभाग संघ चालक राजेन्द्र चतुर्वेदी, गांधी आश्रम के दुर्गा प्रसाद आर्य, प्रदीप खरे मंटू, दुर्गेश खरे, महर्षि विद्यालय मंदिर के प्राचार्य चंद्रकांत शर्मा एवं ओपी शर्मा के आतिथ्य में हुए समारोह में सबसे पहले दीप प्रज्जवलन कर स्वागत गीत बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गया एवं गांधी आश्रम के संजय सिंह द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।

तत्पश्चात योग प्रशिक्षक पंकज सोनी के मार्गदर्शन में योग क्रिया को बच्चों ने मंच पर प्रस्तुत किया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तारतम्य में प्रशिक्षक शालिनी सिंह गाजियाबाद के निर्देशन में बच्चों ने कथक नृत्य, आकांक्षा तिवारी बनारस के निर्देशन में गीतों की प्रस्तुति एवं शिवपूजन अवस्थी, सुंदरम त्रिपाठी, आदर्श तिवारी बनारस के द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त बच्चों ने तबले की प्रस्तुति देकर मैदान में उपस्थित सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया इसके साथ ही कार्यक्रम में बुंदेली नृत्य का मंचन बिंदु दीक्षित के निर्देशन में किया गया। इसके साथ ही मंच के बगल में प्रशिक्षक सबिता राजपूत, गीता सोनी, शालिनी चौरसिया के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त बच्चों की चित्रकला की प्रदर्शनी भी लगाई गई जिसको लोगों ने खूब सराहा। कार्यक्रम का संचालन अश्विनी दुबे ने किया एवं समापन धर्मसेवा समिति द्वारा कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को बखूबी संभाला गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सीधा प्रसारण व्ही केवल नेटवर्क के माध्यम से पूरे शहर में किया गया। अंत में शिविर संयोजक शिवपूजन अवस्थी ने शहर के सभी समाज सेवियों, गणमान्य नागरिकों एवं पत्रकारो के सहयोग के लिए आभार ज्ञापित किया।

विंध्य–शक्ति छतरपुर
मंगलवार, 31 मई 2011

युवा भारत योग संगीत कला शिविर सम्पन्न

छतरपुर। पिछले एक माह से स्थानीय गांधी आश्रम में चल रहे सृजनात्मक युवा भारत योग संगीत कला शिविर का रंगारग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियों के साथ समापन हो गया। ऋषिकुल आश्रम समिति के तत्वाधान में चल रहे सृजनात्मक युवा भारत शिविर में शहर के बच्चों ने योग, गायन, वादन, नृत्यकला, चित्रकला, मेंहदी, रंगोली, नाटक आदि विधाओं का प्रशिक्षण बाहर से आए शेष कलाकारों से प्राप्त किया। एक माह तक चले इस शिविर में प्रशासनिक अधिकारी, समाजसेवी और विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों ने गांधी आश्रम में पहुँचकर अपने सुझाव दिए। समापन अवसर पर डॉ. कृष्ण गांधी कानपुर, डॉ. सुनंदा कीर्तन कानपुर, आर.एस.एस. के विभाग संचालक राजेन्द्र चतुर्वेदी, दुर्गा प्रसाद आर्य, प्रदीप खरे, दुर्गेश खरे, महर्षि स्कूल के प्राचार्य, चंद्रकांत शर्मा उपस्थित रहे। स्वागत गीत बच्चों ने पेश किया। कार्यक्रम का प्रतिवेदन संजय सिंह ने प्रस्तुत किया। इसके बाद बच्चों ने योग प्रशिक्षक के मार्ग दर्शन में उपस्थित लोगों को योग क्रियायें दिखाई। समापन कार्यक्रम में प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रशिक्षक शालनी सिंह गाजियाबाद के निर्देशन में बच्चों ने कत्थक नृत्य, आंकक्षा तिवारी बनारस के नेतृत्व में गीतों की प्रस्तुति, शिवपूजन अवस्थी, सुंदरम् त्रिपाठी, आदर्श तिवारी बनारस के द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त बच्चों ने तबले की प्रस्तुति दी। बुंदेली नृत्य का मंचन बिन्दू दीक्षित के निर्देशन में किया गया। मंच के बगल में प्रशिक्षक सरिता राजपूत, गीता सोनी, शालनी चौरसिया के मार्ग दर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त बच्चों की चित्रकला की प्रदर्शनी भी लगाई गई। कार्यक्रम का संचालक अश्वनी दुबे ने किया।

दैनिक बुन्देली मंच

छतरपुर, मंगलवार 17 मई 2011

सुर से सुर मिला रहे बच्चे, रंग ला रहा संगीत कला शिविर

छतरपुर, 16 मई कार्या. /इसमें कोई दो राय नहीं कि बच्चे कच्ची मिट्टी के समान होते हैं उन्हें जिस रूप में ढाला जाए उसी आकृति में ढल जाते हैं। गांधी आश्रम में बच्चों को एक नए आकार में ढालने का कार्य एक मई से अनवरत शुरू है। एक माह तक संगीत कला शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

शिविर के बारे में जानकारी देते हुए सौरभ तिवारी ने बताया कि एक ही छत के नीचे विभिन्न विधाओं से बच्चों को परिचित कराया जा रहा है। गायन,वादन,नृत्य,चित्रकला, मूर्तिकला एवं नाटककला का प्रशिक्षण जाने-माने प्रशिक्षकों से बच्चों को दिलाया जा रहा है। सोमवार को सनातन धर्म सेवा समिति द्वारा शिविर में पहुंचकर बच्चों की हौसला अफजाई करते हुए उन्हें स्वल्पाहार कराया गया।

छतरपुर, मंगलवार 17 मई 2011

दैनिक छतरपुर भ्रमण

रंग ला रहा संगीत कला शिविर

सनातन धर्म सेवा समिति ने कराया बच्चों को स्पल्पाहार

छतरपुर 18 मई। कहा जाता है कि बच्चे कच्ची मिट्टी के समान होते हैं उन्हें जिस रूप में ढाला जाये उसी आकृति में ढल जाते हैं। ठीक इसी प्रकार काएक अनूठा प्रयास स्थानीय गांधी आश्रम में प्रत्येक वर्ष किया जाता है। इसी तारतम्य में इस वर्ष भी ऋषिकुल आश्रम के तत्वाधान में योग, संगीत कला शिविर में बच्चों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसमें बच्चों की अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिल रहा है। शिविर के दौरान सनातन धर्म सेवा समिति द्वारा बच्चों को स्वल्पाहार कराया गया एवं बच्चों की कलाओं से.प्रभावित हो उनका उत्साह वर्धन भी किया गया।

शिविर के मीडिया प्रभारी एवं समिति के अध्यक्ष पं. सौरभ तिवारी ने बताया कि गांधी आश्रम के प्राकृतिक वातावरण में एक ही छत के नीचे कई प्रकार की विधाओं का जिसमें, गाय्रन, वादन, नृत्य, चित्रकला, मूर्तिकला एवं नाटक कला का बच्चे प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, और उन्हें प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु बनारस, गाजियाबाद के श्रेष्ठ प्रशिक्षकों द्वारा हुनर की बारीकियां सिखाई जा रही है। सनातन धर्म सेवा समिति द्वारा स्वल्पाहार काय्रक्रम में रामनिवास त्रिपाठी, शिवपूजन अवस्थी, रीतेश अरजरिया, मंयक शर्मा, सानू ताम्रकार, पवन ताम्रकार, बुलट सोनी, रिंकू द्विवेदी, अंशु अग्रवाल गोविन्द विश्वकर्मा, डिनी सोनी सहित समिति के कई सदस्य मौजूद रहे।

छतरपुर, मंगलवार 24 मई 2011

राज की दुनिया

बच्चों ने सीखा हुनर

छतरपुर। पं. उपेन्द्रनाथ ऋषिकुल बहुउद्देशीय कला महाविद्यालय लौंड़ी के 18 बच्चों ने गांधी आश्रम छतरपुर में चल रहे सृजनात्मक युवा भारत योग संगीत कला शिविर में तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त किया। बच्चों ने अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त डॉ. एसएन सुब्बाराव से मार्गदर्शन प्राप्त किया तथा कलेक्टर ने शिविर में पहुंचकर बच्चों से बातचीत की। जिला पंचायत सीईओ द्वारा शिविर में आये सभी बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए पारितोषिक देकर विदाई दी गई। बच्चों ने शालिनी सिंह द्वारा कत्थक की बारीकियां एवं आकांक्षा तिवारी द्वारा गायन के गुर सीखे। बच्चों ने योग, पेन्टिंग, खेल, मेंहदी, रंगोली आदि का भी प्रशिक्षण लिया।

सतना, मंगलवार, 24 मई 2011

स्टार नेटवर्क छतरपुर

शिविर में बच्चों को सिखाए संगीत के गुर

स्टार समाचार » लवकुशनगर

पं. उपेन्द्रनाथ ऋषिकुल बहुउद्देशीय कला महाविद्यालय लवकुश नगर के 18 बच्चों ने गांधी आश्रम छतरपुर में चल रहे सृजनात्मक युवा भारत योग संगीत कला शिविर में तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त किया जिसमें बच्चों ने अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त डॉ. एसएन सुब्बा राव से मार्गदर्शन प्राप्त किया वहीं कलेक्टर ने शिविर में पहुंचकर बच्चों से बातचीत की तथा जिला पंचायत सीईओ भावना वालिम्बे द्वारा शिविर में आए सभी बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए पारितोषिक देकर विदाई दी गई।

पं. उपेन्द्रनाथ ऋषिकुल बहुउद्देशीय कला महाविद्यालय के अध्यक्ष वीरेन्द्र सर्राफ ने बताया कि नगर से योग संगीत कला के प्रशिक्षण हेतु 18 बच्चों को गांधी आश्रम छतरपुर भेजा गया था जहां पर बच्चों ने डॉ. सुब्बा राव से मार्गदर्शन प्राप्त किया वहीं गाजियाबाद से आई शालिनी सिंह द्वारा कत्थक की बारीकियां एवं आकांक्षा तिवारी द्वारा गायन के गुर सीखे। साथ ही नगर के बच्चों ने योग, पेंटिंग, खेल, मेंहदी, रंगोली आदि का भी प्रशिक्षण लिया जिससे बच्चों ने नगर वापिसी पर काफी उत्साह देखने को मिला। श्री सर्राफ ने बताया कि शिविर के दौरान लवकुश नगर के बच्चों को गांधी आश्रम के संयुक्त सचिव संजय सिंह द्वारा निःशुल्क रहने व भोजन की व्यवस्था की गई तथा शिविर संयोजक शिवपूजन अवस्थी द्वारा बच्चों के निःशुल्क प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई जो सराहनीय रही तथा देवेश सोनी द्वारा बच्चों को योग गुरु रामदेव बाबा द्वारा सिखाए जाने वाले योग कैलेण्डर भेंट किए गए।

स्टार समाचार 15

सतना, शनिवार, 21 मई 2011

संगीत में समाहित होती है संस्कृति

स्टार समाचार » छतरपुर

पं. उपेन्द्र नाथ ऋषिकुल बहुउद्देशीय कला महाविद्यालय लवकुशनगर में चलाए जा रहे निःशुल्क संगीत कला शिविर में बनारस से आईं आकांक्षा तिवारी एवं शालिनी सिंह ने लवकुशनगर पहुंचकर संगीत के अनुभव बांटे। ऋषिकुल आश्रम समिति द्वारा लवकुशनगर में चलाए जा रहे संगीत कला शिविर में 80 बच्चे भाग ले रहे हैं जिसमें शहर की प्रतिभाओं का गायन, वादन, पेंटिंग, मेंहदी, रंगोली को निःशुल्क शिक्षा पं. उपेन्द्रनाथ ऋषिकुल बहुउद्देशीय कला महाविद्यालय में दी जा रही है। शिविर संयोजन प्रभारी मातादीन विश्वकर्मा ने बताया कि यह शिविर पहले 15 दिवसीय रखा गया था लेकिन शहर के बच्चों के आग्रह पर इसको 15 दिवस के लिए और बढ़ा दिया गया है।

श्री विश्वकर्मा ने बताया कि इस शिविर में नियमित प्रशिक्षण गायन, वादन, सचीदू महतों, पेन्टिंग, जयप्रकाश चौबे मेंहदी, रंगोली अभिलाषा बरानिया दे रहीं हैं।

समय-समय पर शिवपूजन अवस्थी के सहयोग से बाहर से कलाकारों को भी बुलाया गया। जबलपुर से डॉ. प्रकाश तिवारी ग्वालियर से संतोष मुरुमकर बनारस से आकांक्षा तिवारी गाजियाबाद से शालिनी सिंह, सुंदरम त्रिपाठी, आदर्श तिवारी ने मार्गदर्शन दिया।इस बीच लवकुशनगर के तहसीलदार श्री नेहरा ने शिविर का अवलोकन कर संगीत कला के प्रचार प्रसार के लिए शिवपूजन अवस्थी को ऐसे आयोजन करते रहने के लिए प्रोत्साहित कर समापन समारोहपूर्वक करने की बात कही। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष वीरेन्द्र सर्राफ, प्रांत मंत्री भारतीय किसान संघ, विकास गंगेल, श्रीदत्त रिछारिया, सौरभ तिवारी सहित शहर के अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

कृष्ण क्रान्ति

छतरपुर, रविवार, 29 मई 2011

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ होगा संगीत कला शिविर का समापन

छतरपुर। सृजनात्मक युवा भारत द्वारा स्थानीय गांधी आश्रम में चलाये जा रहे योग संगीत कला शिविर का समापन समारोह नगर पालिका प्रांगण में आज शाम सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ सम्पन्न होगा।

शिविर में मीडिया प्रभारी सौरभ तिवारी ने बताया कि विगत 1 माह से स्थानीय गांधी आश्रम में शहर के बच्चों को विभिन्न प्रकार की गतिविधियां जिनमें गायन, वादन, नृत्य, मेंहदी, रंगोली, योग, चित्रकला शामिल है। बच्चों के सृजनात्मक विकास हेतु ऋषिकुल आश्रम समिति के तत्वाधान में आयोजित शिविर के समापन अवसर पर एक माह तक प्रशिक्षण में भाग लेने वाले बच्चों की प्रस्तुतियां होंगी। जिसमें गायन, वादन, नृत्य, नाटक के साथ साथ पेंटिंग की प्रदर्शनील भी लगाई जायेगी। इसके साथ ही बाहर से आये हुये कलाकारों की भी प्रस्तुतियां होंगी। नगर पालिका प्रांगण में आज शाम 7 बजे से होने वाले कार्यक्रम की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं इसके साथ ही कार्यक्रम की प्रस्तुति को लेकर बच्चों में खूब उत्साह है शहर के बच्चों को इस तरह का मंच प्रदान कर बच्चों के आत्मविश्वास को बढाने के लिये सृजनशीलता का एक अवसर होगा। इस अवसर पर नगर के अधिकारीगण, जनसेवक, संगीतकार, समाज सेवी आदि लोग उपस्थित रहेंगे। शिविर के संयोजक शिवपूजन अवस्थी ने नगर के सभी गणमान्य नागरिकों से नगर पालिका प्रांगण में रविवार शाम 7 बजे होने वाले समापन समारोह के कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

दैनिक शुभ भारत

छतरपुर, मंगलवार 17 मई 2011

सनातन धर्म सेवा समिति ने कराया बच्चों को स्वल्पाहार

छतरपुर। कहा जाता है कि बच्चे कच्ची मिट्टी के समान होते हैं उन्हें जिस रूप में ढाला जाये उसी आकृति में ढल जाते हैं। ठीक इसी प्रकार का एक अनूठा प्रयास स्थानीय गांधी आश्रम में प्रत्येक वर्ष किया जाता है। इसी तारतम्य में इस वर्ष भी ऋषिकुल आश्रम के तत्वाधान में योग, संगीत कला शिविर में बच्चों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसमें बच्चियों की अपनीप्रतिभा को निखारने का अवसर मिल रहा है। शिविर के दौरान सनातन धर्म सेवा समिति द्वारा बच्चों को स्वल्पाहार करायागया एवं बच्चों की कलाओं से प्रभावित हो उनका उत्साह वर्धन भी किया गया।

शिविर के मीडिया प्रभारी एवं समिति के अध्यक्ष पं. सौरभ तिवारी ने बताया कि गांधी आश्रम के प्राकृतिक वातावरण में एक ही छत के नीचे कई प्रकार की विधाओं का जिसमें, गायन, वादन, नृत्य, चित्रकला, मूर्तिकला एवं नाटक कला का बच्चे प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, और उन्हें प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु बनारस, गाजियाबाद के श्रेष्ठ प्रशिक्षकों द्वारा हुनर की बारीकियां सिखाई जा रही है। सनातन धर्म सेवा समिति द्वारा स्वल्पाहार कार्यक्रम में रामनिवास त्रिपाठी, शिवपूजन अवस्थी, रीतेश अरजरिया, मंयक शर्मा, सानू ताम्रकार, पवन ताम्रकार, बुलट सोनी, रिंकू द्विवेदी, अंशु अग्रवाल गोविन्द विश्वकर्मा, डिनी सोनी सहित समिति के कई सदस्य मौजूद रहे।

दैनिक हम पाँच : मंगलवार, 31 मई 2011

रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ हुआ संगीत कला शिविर का समापन

